Title: Need to check increasing cases of T.B. in Reewa district of Madhya Pradesh - Laid.

श्री सुन्दर लाल तिवारी (रीवा): अध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश के रीवा जिले में क्षय रोग का अत्यधिक प्रकोप है। केन्द्र सरकार द्वारा क्षय उन्मूलन योजना के अधीन रोगियों को मुफ्त दवाइयां दी जाती हैं, किंतु रीवा जिले में अभी यह सभी रोगियों को नहीं दी जा रही हैं, जिसके कारण क्षय रोग में निरन्तर वृद्धि होती जा रही है। यह बीमारी गरीब व्यक्तियों में ज्यादा है, क्योंकि वह मंहगी दवायें और लम्बी चिकित्सा का बोझ नहीं झेल पाता है। रीवा जिले में बीड़ी श्रमिकों की संख्या काफी अधिक है और उनमें अधिकांश क्षय रोग से पीड़ित हैं। उन्हें नियमानुसार जो शासकीय सुविधायें उपलबध करायी जानी चाहिए, वह नहीं मिल पा रही हैं। इसकी जांच की जानी चाहिए और वह उन्हें उपलब्ध करायी जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही डॉट स्कीम को वहां पर भी लागू किया जाये।